कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी धारचूला जनपद पिथौरागढ़।

शिक्षा विभाग

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का मैनुअल

वर्ष–2014–15

lxBu dh fof'kf"V;k dR; dr0; %&

09 नवम्बर 2000 को उत्तराखण्ड राज्य गठन के पश्चात् शासनादेश संख्या–713/माध्यमिक/2003 दिनांक 05 सितम्बर 2003 के द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को एकीकृत कर शिक्षा विभाग की संरचनात्मक स्वरूप निर्धारित किया गया है। संगठन का कार्य क्षेत्र जनपद होगा। शिक्षा का नियोजन, संचालन, नियंत्रण पर्यवेक्षण, निरीक्षण, प्रबन्धन एवं अनुश्रवण तथा विभिन्न घटकों के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना की गई है जिसका कार्यालयाध्यक्ष मुख्य शिक्षा अधिकारी है।

lxBu dh fof'kf"V;k %&

जनपद स्तर पर विद्यालयी शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा 01 से 12 तक प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा व्यवस्था हेतु एक संगठन है। जनपद स्तर पर राजकीय हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट कालेज, संस्कृत विद्यालय सहायता प्राप्त हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट कालेज संस्कृत विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, राजकीय आदर्श विद्यालय, सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी के नियंत्रणाधीन है। मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासनादेशों में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत मान्यता प्रदान की जाती है। आई0सी0एस0सी0 एवं सी0बी0एस0ई0 पाठ्यक्रम के विद्यालयों का निरीक्षण, अनुश्रवण, मान्यता हेतु स्थलीय निरीक्षण करना तथा मान्यता प्राप्त संस्थाओं की शिकायतों की जॉच करना।

उत्तराखण्ड में जनपद स्तर पर विद्यालयी शिक्षा का संगठनात्मक स्वरूप निम्नवत् है:–

¼1½ fodkl [k.M Lrj ij %&

Ø0l0	inuke	orrueku	vU; fooj.k
01	विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी	पदेन वरिष्ठतम् प्रधानाचार्य	जनपद में स्वीकृत विकास खण्ड के अनुसार प्रत्येक विकास खण्ड में 01 (एक)
02	उप विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी (सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति विद्यालय निरीक्षकों का समायोजन)	6500–10500	जनपद में स्वीकृत विकास खण्ड के अनुसार प्रत्येक विकास खण्ड में 01 (एक)

¼2½ U;k; ikpk;r Lrj ij %&

Ø0l0	inuke	orrueku	vU; fooj.k
01	क्षेत्र शिक्षा अधिकारी	पदेन वरिष्ठतम् प्रधानाचार्य	जनपद में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षा संकुल

¼3½ fo|ky; Lrj ij %&

जनपद के प्रत्येक राजकीय/अराजकीय/इण्टर कालेज/हाईस्कूल (बालक/बालिका) में प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका का प्रति विद्यालय 01 (एक) पद।

'kklukn'k l[;k&@**XXIV-2/2012-6(3)/2012** fnukd 09 vDVcj 2012 d} }kjk fo|ky;h f'k{kk foHkkx d vurxir iuxxfBr uohu <kp d vu:i fØ;kUo;u gr vf/kdkfj;k d dR; ,o dr0; %&

fodkl [k.M Lrj

[k.M f'k{kk vf/kdkjh %&

1. विकास खण्ड़ स्तर पर शिक्षा के अधिकार से वंचित आयु वर्ग 6 से 14 के बच्चों का विद्यालयों में आयु एवं स्तर के अनुसार पंजीकरण करना, शिक्षा धारण एवं उनकी नियमित उपस्थिति का भौतिक सत्यापन करना।
2. विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् समस्त छात्रों को शिक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत पुस्तकें, स्टेशनरी, विद्यालय गणवेश, मध्याह्न भोजन तथा शासन एवं केन्द्र सहायतित द्वारा दी जा रही विभिन्न आर्थिक सुविधाओं को समय पर उपलब्ध करवाना।
3. विकास खण्ड सतरीय बैठकों हेतु नोडल अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करना।
4. विकास खण्ड के अन्तर्गत हाईस्कूल तथा इण्टर कालेजों का सप्ताह में 02 दिन नियमित निरीक्षण करना।
5. विकास खण्ड के अन्तर्गत समस्त संकुल केन्द्रों का पर्यवेक्षण।
6. हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर की मान्यता से सम्बन्धित विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर संस्तुति जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) को प्रेषित करना।
7. विकास खण्ड स्तर की समस्त परीक्षाओं के सफल संचालन के प्रति उत्तरदायी होना।
8. विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का नियमानुसार/निर्देशानुसार भुगतान सुनिश्चित कराना।
9. विकास खण्ड स्तर पर शैक्षिक उन्नयन हेतु मासिक बैठक आयोजित करना।
10. ब्लॉक के अन्तर्गत समस्त टी0सी को प्रतिहस्ताक्षरित करना।
11. ब्लाक स्तर पर आर0एम0एस0ए0 एवं साक्षरता परियोजना के क्रियान्वयन हेतु खण्ड परियोजना अधिकारी होना।
12. ब्लॉक के अन्तर्गत विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्रों की नियमित उपस्थिति के प्रति उत्तरदायी होना।
13. विकास क्षेत्र के रा0इ0का0 के प्रधानाचार्यों/रा0उ0मा0वि0 के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों का चिकित्सा अवकाश एवं उपार्जित अवकाश दिनों की संख्या, प्रकरणों को जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक/माध्यमिक) एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी को संस्तुति सहित प्रेषित करना।
14. रा0उ0मा0वि0 के प्रधानाध्यापकों एवं रा0इ0का0 के प्रधानाचार्यों के आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना।
15. विकास खण्ड के अन्तर्गत विद्यालयों के शिक्षक/कर्मचारियों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में शासन की नीति एवं आदेशों के तहत् कार्यवाही सुनिश्चित करना।
16. विकास खण्ड स्तर पर सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण करना।
17. रा0इ0का0 प्रधानाचार्यों एवं रा0उ0मा0वि0 के प्रधानाध्यापक एवं अपने कार्यालयों के समस्त अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रतिवेदन अधिकारी के रूप में प्रविष्टि अंकित करना।
18. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए समीक्षक अधिकारी के रूप में प्रविष्टि अंकित करना।
19. विकास खण्ड के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के प्रति उत्तरदायी होना।

20. विकास खण्ड के अन्तर्गत सभी नवीन विद्यालयों को खोलने हेतु स्कूल मैपिंग करना तथा विद्यालयों के उच्चीकरण से सम्बन्धित शिक्षा अधिकारी को आख्या सहित उपलब्ध कराना।
21. विकास खण्ड के समस्त रा0उ0मा0वि0/रा0इ0का0 कालेजों के भौतिक संसाधनों का विवरण संकलित कर व्यवस्थित रखना।
22. विकास खण्ड स्तर की समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति उत्तरदायी होना।
23. विकास खण्ड के समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों (राजपत्रित को छोडकर) का 90 प्रतिशत भविष्य निधि के आहरण हेतु संस्तुति कर प्रस्तुत करना।
24. उप शिक्षा अधिकारी के भ्रमण कार्यक्रम अनुमोदित करना तथा मार्ग निर्देशन करना।
25. अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों/शिक्षकों/अधिकारियों के यात्रा भत्ता बिल प्रतिहस्ताक्षरित करना।
26. विकास खण्ड में स्थित विद्यालयों के भवनों का सत्यापन एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराना।
27. खण्ड स्तर पर लिपिक वर्गीय कार्मिकों की गोपनीय आख्याओं में प्रविष्टि हेतु स्वीकृर्ता अधिकारी (द्विस्तरीय व्यवस्था के अन्तर्गत)।
28. प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों से शिक्षणेत्तर कार्मिकों की 42 दिन से अधिक परन्तु 90 दिन तक उपार्जित अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करना तथा अधिक की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को संस्तुत/अग्रसारित करना।

mi f'k{kk vf/kdkjh d dk;Z ,o nkf;Ro%&

1. विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा के अधिकार के वंचित 6 से 14 तक आयु वर्ग बच्चे का विद्यालयों में आयु एवं स्तर के अनुसार पंजीकरण करना, शिक्षा धारण एवं उनकी नियमित उपस्थिति का भौतिक सत्यापन करना।
2. विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा के अधिकार के तहत् समस्त छात्रों को शिक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत पुस्तकें, स्टेशनरी, विद्यालय गणवेश, मध्याह्न भोजन तथा शासन एवं केन्द्र सहायतित द्वारा दी जा रही विभिन्न आर्थिक सुविधाओं को समय पर उपलब्ध करवाना।
3. प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित विकास खण्ड की बैठकों हेतु उत्तरदायी होना।
4. विकास खण्ड के अन्तर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का सप्ताह में 02 दिन नियमित निरीक्षण करना।
5. विकास खण्ड के अन्तर्गत समस्त संकुल केन्द्रों का पर्यवेक्षण।
6. प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता हेतु सम्बन्धित विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर संस्तुति जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा) को प्रेषित करना।
7. विकास खण्ड स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा से संबन्धित समस्त परीक्षाओं के सफल संचालन के प्रति उत्तरदायी होना।
8. विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का नियमानुसार/निर्देशानुसार भुगतान सुनिश्चित कराना।
9. विकास खण्ड स्तर पर शैक्षिक उन्नयन हेतु मासिक बैठक आयोजित करना।
10. ब्लॉक स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान का विकास खण्ड परियोजना अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन।
11. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को दक्षता पुरस्कार हेतु संस्तुति जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक को भेजना।
12. विकास खण्ड के अन्तर्गत विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्रों की नियमित उपस्थिति के प्रति उत्तरदायी होना।

13. विकास खण्ड स्तर पर स्थापित प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की तैनाती सक्षम स्तर से सुनिश्चित कराना।
14. विकास खण्ड के अन्तर्गत विद्यालयों के शिक्षक/कर्मचारियों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में शासन की नीति एवं आदेशों के तहत् कार्यवाही सुनिश्चित करना।
15. विकास खण्ड के अन्तर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के प्रति उत्तरदायी होना।
16. विकास खण्ड के अन्तर्गत सभी नवीन प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों के खोलने हेतु स्कूल मैपिंग करना तथा विद्यालयों के उच्चीकरण के सम्बन्धित शिक्षा अधिकारी को आख्या सहित उपलब्ध कराना।
17. विकास खण्ड के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भौतिक संसाधनों का विवरण संकलित कर व्यवस्थित रखना।
18. विकास खण्ड स्तर की समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति उत्तरदायी होना। विकास खण्ड स्तर पर सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण करना।
19. विकास खण्ड के समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का 90 प्रतिशत भविष्य निधि के आहरण हेतु संस्तुति कर प्रस्तुत करना।
20. विकास खण्ड में स्थित विद्यालयों के भवनों का सत्यापन एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत कराना।
21. मध्याह्न भोजन योजना संचालन के लिए नोडल अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करना।
22. बी0आर0सी0 के कार्यों का अनुश्रवण करना। परियोजना से सम्बन्धित कार्यों के संचालन में बी0आर0सी0 से समन्वय स्थापित करना।
23. सप्ताह में तीन दिन प्राथमिक विद्यालयों का प्रभावी अनुश्रवण करना, निरीक्षण आख्या जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करना।
24. प्राथमिक/उ0प्रा0वि0 के अध्यापकों/कर्मचारियों की वार्षिक चरित्र पंजिका में समीक्षक अधिकारी के रूप में प्रविष्टि अंकित करना।
25. शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 42 दिन का चिकित्सा अवकाश/उपार्जित अवकाश नियमानुसार स्वीकृत करना तथा उससे अधिक का जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को संस्तुत करना।
26. खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन के उपरान्त चयन वेतनमान स्वीकृत करना।

{k= f'k{kk vf/kdkjh %&

1. पैरा अध्यापक (शिक्षा मित्र, शिक्षा बन्धु) आदि के चयन प्रक्रिया में सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी को यथा आवश्यक सहयोग किया जाना।
2. शिक्षा मित्र एवं शिक्षा बन्धु के अभिलेखों का रख–रखाव।
3. संकुल क्षेत्र स्थित अधीनस्थ विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करना।
4. अधीनस्थ विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना।
5. अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षकों/कर्मचारियों के चिकित्सा अवकाश/उपार्जित अवकाश तथा अन्य अवकाशों के सम्बन्धित प्रार्थना पत्र आख्या सहित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को अग्रसारित करना।
6. अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षकों/कर्मचारियों के जी0पी0एफ0 अग्रिम से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र अग्रसारित करना।
7. स्थानान्तरण से सम्बन्धित प्रकरणों पर शासन के वर्तमान नियमों एवं आदेशों के तहत् सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त कर क्रियान्वित करना।

8. अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही से सम्बन्धित प्रकरणों को सम्बन्धित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के सम्मुख आख्या सहित नियमानुसार प्रस्तुत करना।
9. अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की गोपनीय प्रवृष्टियों में यथा सम्भव प्रतिवेदक/समीक्षक अधिकारी के रूप में संस्तुतियां सम्बन्धित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करना।
10. अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षक/कर्मचारियों के वेतन आहरण हेतु उपस्थिति प्रमाणित कर सम्बन्धित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को अग्रसारित करना।
11. संकुल व्यवस्था के अर्न्तगत समस्त सूचनाओं का संकलन अनुश्रवण एवं यथा निर्देशानुसार प्रेषण करना।
12. संकुल व्यवस्था के अर्न्तगत प्रशासनिक कार्यो के प्रति उत्तरदायी होना।
13. अशााकीय विघालयों की स्थापना व मान्यता के नवीनीकरण आदि से सम्बन्धित कार्यो पर टिप्पणी/ आख्या सम्बन्धित विकास खण्ड़ शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करना।
14. कम से कम सप्ताह में एक बार संकुल व्यवस्था के अर्न्तगत विधालयों में शैक्षिक गुणावत्ता बनाये रखनें के लिए उनका पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करना।
15. संकुल व्यवस्था के अर्न्तगत मध्यान्ह भोजन योजना ,सर्व शिक्षा अभियान व अन्य योजना के संचालन हेतु नोड़ल अधिकारी के रुप में कार्य करना।
16. विधार्थियो की छात्रवृत्ति सें सम्बन्धित परीक्षाओं का आयोजन।
17. वैकल्पिक शिक्षा केन्दों आंगनबाड़ी केन्दों, साक्षरता केन्द्रो तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित बाल विकास योजनाओं व कार्यो के प्रति समन्चय स्थापित करना।
18. परिषदीय परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु विकास खण्ड़ शिक्षा अधिकारी को सहयोग प्रदान करना।
19. संकुल व्यवस्था के अन्तर्गत अन्य प्रशासनिक कार्यो के प्रति उत्तरदायी होना।
20. संकुल व्यवस्था के अन्तर्गत विधालयों के निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा निर्धारित अवधि के अन्दर निर्माण कराने हेतु उत्तरदायी होना।
21. संकुल व्यवस्था के अन्तर्गत विद्याालयों में विद्यालयो में कम्प्यूटर शिक्षा का अनुश्रवण एवं उसके सही उपयोग के प्रति उत्तरदायी होना।

i/kkukpk;Z %&

अपने विद्यालय/सस्था के लिए पूर्ण रुप से उत्तदायी होना एवं संकुल के अन्तर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों का शिक्षण व्यवस्था का संचालन करना।

- lpuk dk tu vf/kdkj   eSuqvy la[;k &02

- ftyk Lrj ls fo|ky; Lrj rd fu;qDr vf/kdkfj;ks@deZpkfj;ksa dh 'kfDr;k¡ ,oa drZO; %&

संविधान के अनुच्छेद 154 के अधीन राज्य के कर्मचारी अधिकार राज्यपाल में अधीन हैं, और उन अधिकारों का प्रयोग संविधान के अनुसार या तो सीधे राज्यपाल द्वारा अथवा उनके अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम् से किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 166 के अनुसार शासन के समस्त कार्य राज्यपाल के नाम से किये गये अभिव्यक्त किये जायेंगे।

संविधान के अनुच्छेद 154 के अन्तर्गत और उसके उपबंधों के अधीन रहते हुए शासन के अधीनस्थ किसी अधिकारी को कुछ सीमा तक और ऐसे प्रतिबन्धों के साथ–साथ जिन्हें शासन लगाना आवश्यक समझे अथवा जो संविधान या शासन के नियम अथवा आदेशों या राज्य विधान मंण्डल के किसी अधिनियम् के उपबन्धों द्वारा पहले से लगाये गये हों, प्रतिनिहित किये जा सकते हैं।

शासनादेश संख्या–880/माध्यमिक/2003 दिनांक 5–9–2003 द्वारा शिक्षा विभाग का जनपद स्तर से क्षेत्रीय स्तर तक निम्नांकित अधिकारी एवं उनके अधीन विभिन्न स्तर के कर्मचारी नियुक्त हैं, जिनका विवरण निम्नवत् है–

tuin Lrj	मुख्य शिक्षा अधिकारी
	जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)
	जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक)
	एवं कार्यालय कर्मचारी
fodkl[k.M Lrj	विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी (पदेन प्रधानाचार्य)
	उप विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
	एवं कार्यालय कर्मचारी
{ks=h; Lrj ¼U;k; iapk;r½	क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी (पदेन प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक)
fo|ky; Lrj	प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक
	शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी

उक्त अधिकारी कर्मचारियों को निम्न अधिकार एवं कर्तव्य प्राप्त हैं–

[k.M f'k{kk vf/kdkfj;ksa dh 'kfDr;k¡ %&

1. विकास खण्ड स्तर पर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक स्तर के पठन पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित करना।
2. शिक्षा मित्र/बंधु की व्यवस्था अनुमोदित करना।
3. राजकीय इण्टर कालेज/हाईस्कूल के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक के आकस्मिक अवकाश को स्वीकृत करना।
4. क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठकें आयोजित करना।
5. सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, संकुलों का पर्यवेक्षण करना।
6. विकासखण्ड की योजनायें बनाना।
7. राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कालेजों के भौतिक संसाधनों का सत्यापन।
8. परीक्षाओं के संचालन के प्रति उत्तरदायी होना।
9. उप खण्ड शिक्षा अधिकारियों के भ्रमण कार्यक्रम को अनुमोदित करना।
10. अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों/शिक्षकों/अधिकारियों के यात्रा भत्ता बिल अग्रसारित करना।
11. अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों/शिक्षकों/अधिकारियों के यात्रा भत्ता बिल अग्रसारित करना।

12. विकासखण्ड तथा संकुल स्तर पर समस्त शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर क्रिया–क्लापों को सुनिश्चित करना।

dr0; %&

1. जनपद स्तरीय/विकासखण्ड स्तरीय बैठकों में प्रतिभाग करना।
2. रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 के अध्यापकों के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित करना तथा संस्तुति मुख्य शिक्षा अधिकारी को भेजना।
3. वेतन आहरण के लिए अपने कार्यालय के कर्मचारियों/अधिकारियों की उपस्थिति प्रमाणित करना।
4. निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के प्रति उत्तरदायी होना।
5. नवीन विद्यालयों के उच्चीकरण प्रस्ताव मुख्य शिक्षा अधिकारी को भेजना।
6. सूचनाओं का एकत्रीकरण, संकलन एवं प्रेषण।
7. प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के दक्षता पुरस्कार की संस्तुति करना।
8. रा0इ0का0/रा0उ0मा0वि0 के प्रधानाचार्यो के वित्तीय प्रकरण को मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना।
9. स्वयं के विद्यालय के प्रति उत्तरदायी होना।
10. सेवा निवृत्त शिक्षकों के सामान्य भविष्य निर्वाह निधि भुगतान हेतु संस्तुत करना।

mi [k.M f'k{kk vf/kdkfj;ksa dh 'kfDr;k¡ %&

1. बी0आर0सी0 से सहयोग एवं समन्वय।
2. मध्यान्ह भोजन योजना के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करना।
3. प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्र0अ0/स0अ0 के चरित्र पंजिका में प्रतिवेदक/समीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करना।
4. विद्यालयों का निरीक्षण, भ्रमण तथा पर्यवेक्षण।
5. विद्यालयों की संचालन व्यवस्था में खण्ड शिक्षा अधिकारी को सहयोग देना।
6. विभागीय निर्देशों के अनुसार कार्य करना।
7. प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्र0अ0/स0अ0 की सेवा पुस्तिकाओं का रख रखाव।
8. प्राथमिक स्तर की मान्यता प्रकरणों की जॉच।
9. नवीन हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण सम्बन्धी प्रस्ताव बनाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम् से जिला शिक्षा अधिकारी को भेजना।
10. विकास खण्ड स्तर पर खेल कूद कार्यक्रमों का आयोजन करना।
11. प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्र0अ0/स0अ0 के बिल आहरण हेतु उत्तरदायी होना।

dr0; %&

1. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के नियंत्रण में कार्य करना।
2. सूचनाओं का संकलन, एकत्रीकरण एवं प्रेषण।

i/kkukpk;ksa dh 'kfDr;k¡ %&

1. विद्यालय के समस्त शैक्षिक गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी होना।
2. समस्त अधीनस्थ शिक्षकों/कर्मचारियों की वार्षिक चरित्र पंजिका प्रवृष्टि हेतु प्रथम प्रतिवेदन अधिकारी के रूप में अंकना करना।
3. अधीनस्थ शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना।
4. विद्यालय के समस्त छात्र निधियों का रख–रखाव करना/व्यय करना।
5. विद्यालय स्तरीय कर्मचारियों तथा शिक्षकों के वेतन संशोधित करना, अवशेष देयक आदि समस्त प्रकरण तैयार कर जनपद स्तर को संस्तुत/अग्रसारित करना।

drZ; %&

1. विद्यालय अनुशासन के प्रति उत्तरदायी होना।
2. समस्त परीक्षाओं का नियमानुसार विधिवत संचालन कर यथासमय परीक्षाफल घोषित करना एवं उत्तरदायी होना।
3. विद्यालय के समस्त कार्यो का नियोजन एवं प्रबन्ध करना।
4. विभागीय उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों एवं निर्देशों का विद्यालय स्तर पर पालन करना व करवाना।
5. विद्यालय में भौतिक संसाधनों की वृद्धि हेतु योजना तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना।
6. विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन करना।
7. अधीनस्थ शिक्षकों के चिकित्सीय अवकाश/उपार्जित अवकाशों को समक्ष अधिकारियों को अग्रसारित करना।
8. जिला स्तरीय/खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा आहूत बैठकों में प्रतिभाग करना।
9. प्रतिदिन कम से कम दो वादन कक्षाओं में शिक्षण कार्य करना। शिक्षकों के द्वारा कक्षाओं में छात्र–छात्राओं को कराये गये कार्यो का निरीक्षण करना।
10. समस्त प्रकार की छात्रवृत्तियों का रख–रखाव करना तथा यथासमय उन्हें छात्र–छात्राओं को वितरित करना।

f'k{kdksa dh 'kfDr;k¡ ,oa nkf;Ro %&

1. गृह परीक्षा में प्रधानाचार्य द्वारा आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना।
2. अपने शिक्षण विषय के प्रति उत्तरदायी होना।
3. प्रधानाचार्य द्वारा आवंटित पाठ्य सहभागी क्रिया क्लापों के प्रति उत्तरदायी होना।
4. छात्र–छात्राओं की लिखित कार्य की जॉच करना व उसमें संशोधन करना।
5. गृह व परिषदीय परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक के रूप में कार्य करना।
6. छात्र–छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए विद्यालय स्तर पर योजना बनाकर प्रधानाचार्य के समक्ष प्रस्तुत करना।
7. प्रधानाचार्य द्वारा आहूत बैठकों में प्रतिभाग करना।
8. छात्रों के पंजीकरण एवं परीक्षा सम्बन्धी अभिलेखों के रख–रखाव में प्रधानाचार्य को सहयोग देना।
9. अपने प्रभार से सम्बन्धित सामग्री एवं संभार पंजिकाओं का लिखना।
10. परिषदीय परीक्षा में परिषद् से आवंटित कार्यो तथा दायित्वों का निर्वहन करना।
11. प्रतिदिन किये गये शिक्षण कार्य तथा अभ्यास पुस्तिकाओं का निरीक्षण आदि कार्य के लिए दैनन्दिनी तैयार करना।

deZpkfj;ksa dh 'kfDr;k¡ ,oa nkf;Ro %&

1. कार्यालय के समस्त अभिलेखों का रख–रखाव करना।
2. अधिकारी द्वारा निर्देशित समस्त कार्यो का यथासमय निष्पादन करना।
3. विद्यालयों के संभार पंजिका में अंकित समस्त सामान के प्रति उत्तरदायी होना।
4. अभिलेखीय सत्यापन व रख–रखाव करना।
5. अभिलेखों का कैश रजिस्टर, आडिट करवाना व आपत्तियों का निराकरण करना।
6. विद्यालयों में छात्रों से प्राप्त शुल्क को यथा समय राजकोष तथा सम्बन्धित बैंक व डाकघर में जमा करना।
7. प्रतिदिन के कार्यो का लेखा जोखा रखना।
8. छात्र पत्रावली से सम्बन्धी एवं परीक्षा से सम्बन्धी विविध कार्यो के प्रति उत्तरदायी होना।

ykd ikf/kdkjh vFkok mlds dkfeZdks }kjk viuk d`R;ks ds fuoZgu ds fy, /kkfjr rFkk iz;ksx fd;s tkus oky s fu;e] fofu;e] vuqns'k] funsZf'kdk ,oa vfHkys[k dh lpuk

क्षेत्रीय आकांक्षाओं एवं राष्ट्रीय विकास में स्थानीय सहभागिता के लक्ष्य से नव गठित उत्तराखण्ड राज्य में क्षेत्र विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावकारी व्यवस्था एवं नियन्त्रण हेतु शैक्षिक प्रशासन का क्षेत्र स्तर तक विकेन्द्रीकरण कर दिया गया है।

जनपद स्तर से क्षेत्र स्तर तक शिक्षा के नियोजन संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण हेतु नियत लोक प्राधिकारी तथा उसके कार्मिकों द्वारा कृत्यों के निर्वहन हेतु धारित तथा प्रयोग किये जाने वाले नियम, विनियम, अनुदेश व निर्देशिका के सम्बन्ध में पूर्व के मैनुवल में किया जा चुका है कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के सम्बन्ध में किये जाने वाले कार्यो का ववरण निम्नवत् हैः–

fodkl[k.M f'k{kk vf/kdkjh dk;kZy; esa dk;Zjr fyfid oxhZ; depkfj;ksa ds dk;Z@nkf;Ro&

dk;kZy; v/kh{kd &

1. समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों /प्रधानाध्यापकों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों की आकस्मिक अवकाश पंजिका का रख–रखाव।
2. स्थानीय/विभागीय पत्रों पर अनुभागवार अंकना कर खण्ड शिक्षा आधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत करना।
3. समस्त पटल सहायकों के कार्यो का अनुश्रवण एवं सामान्य व्यवस्था सुनिश्चित करना।
4. गमना–गमन पंजिका का रख–रखाव।
5. टेलीफोन तथा टेलीफोन पंजिका का रख–रखाव।
6. कार्यालय की सामान्य व्यवस्था तथा सहायकों के कार्यो का अनुश्रवण।
7. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के अधीन कार्यरत समस्त कर्मचारियों की सेवा पंजिका में अंकना करना।

iz/kku lgk;d

1. कार्यालय लेखा एवं स्थापना सम्बन्धी कार्य
2. उप खण्ड शिक्षा अधिकारी/क्षेत्र शिक्षा अधिकारी भ्रमाण कार्यक्रमों का अनुमोदन।
3. सामान्य भविष्य निधि प्रकरण से सम्बन्धित कार्य
4. विभिन्न प्रकार की शिकायतों की अंकना एवं सम्बन्धित से अनुपालन कराना
5. सभी अनुभागों से प्राप्त पत्रावलियों की जॉच के पश्चात् ख0शि0अधि0 को प्रस्तुत करना
6. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का भ्रमण कार्यक्रम।
7. विकासखण्ड से सम्बन्धित लेखा सम्बन्धी कार्य।
8. शुल्क प्राप्त करना एवं प्राप्त शुल्क को राजकोष में जमा करना।

ofj"B lgk;d&

1. स्टाफ तालिका।
2. विनियमितीकरण/पदोन्नति/योग्यता बृद्धि सम्बन्धी।
3. स्थानान्तरण/वार्षिक प्रबन्ध से सम्बन्धित आवश्यक सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना।
4. खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित विकासखण्ड के विद्यालयों से सम्बन्धित समस्त कार्य।

dfu"B fyfid&

1. बेसिक शिक्षा सम्बन्धी कार्यो में सम्बन्धित पटल प्रभारी को सहयोग।
2. कम्प्यूटर सम्बन्धी कार्य।
3. पत्र प्रेषण, पत्र इण्डेक्स तथा डाक टिकट का रख–रखाव।
4. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत मांगी गई सूचना को सम्बन्धित विद्यालयों को हस्तान्तरण करना एवं संकलित सूचना को अनुरोधकर्ता को प्रेषण।
5. छात्र संख्या का प्रेषण।
6. रिक्तियों की सूचना का संकलन एवं प्रेषण।

i/kkukpk;l@i/kkukpk;k@i/kkuk/;kid@i/kkuk/;kfidk]jk0b0dk0@jk0ck0b0dk0@jk0 m0ek0 fo0@jk0ck0m0ek0fo0 d: dk;l ,o nkf;Ro&

1. संस्था में कार्यरत अध्यापकों तथा कर्मचारियों का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना।
2. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के उपार्जित/चिकित्सावकाश अग्रसारण कर स्वीकृति हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करना।
3. अध्यापकों तथा लिपिक वर्ग के आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त अन्य अवकाश अग्रसारित करना।
4. प्रधान लिपिक, कनिष्ठ लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की आचरणावलियों में वार्षिक प्रवृष्टि करना।
5. अध्यापकों की आचरणावलियों में प्रतिवेदक अधिकारी के रूप में वार्षिक प्रवृष्टि करना।
6. निर्धारित नियमों के अनुसार विद्यालय में छात्रों का प्रवेश करना।
7. शासन द्वारा निर्धारित शुल्क, छात्रों से प्राप्त करना, राजकोष/राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा कराना।
8. विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की मॉग करना तथा प्राप्त छात्रवृत्तियों का छात्रों को भुगतान सुनिश्चित करना।
9. छात्र निधियों का रख–रखाव एवं वित्तीय नियमों के अनुसार उपयोग सुनिश्चित करना।
10. प्राप्त अनुदानों का वित्तीय नियमों के अनुसार उपभोग करना।
11. विद्यालय की समस्त शैक्षिक, पाठ्य सहगामी क्रिया–क्लापों का नियोजन, संचालन तथा नियंत्रण।
12. परिषदीय परीक्षाओं का संचालन।
13. गृह परीक्षाओं का संचालन, मूल्यांकन तथा परीक्षाफल नियमानुसार तैयार कर घोषित करना।
14. अध्यापक/कर्मचारियों के समस्त अभिलेखों तथा सा0भ0नि0 लेखों का रख–रखाव।
15. सप्ताह में 12 वादन शिक्षण कार्य करना।

&% fo|ky; dk;ky; e dk;jr fyfid ox d nkf;Ro %&

i/kku lgk;d&

1. शुल्क प्राप्त करना, प्राप्त शुल्क को राजकोष/बैंक में जमा करना।
2. राकड़ बही में आय–व्यय का अंकन।
3. संस्था में कार्यरत अध्यापकों/कर्मचारियों के देयक के बिल तैयार कर लेखा अधिकारी को प्रस्तुत करना तथा चैक प्राप्त कर सम्बन्धित के खाते में निक्षिप्त करना।
4. प्राप्त अनुदानों का वित्तीय नियमों के अनुसार उपभोग सुनिश्चित करना।
5. सम्भार पंजिकाओं का रख–रखाव।

ofj"B lgk;d&

1. विभिन्न छात्र निधियों का रख–रखाव तथा उपयोग सुनिश्चित करना।
2. अध्यापक/कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों तथा सा0भ0नि0खातों का रख–रखाव।
3. विभिन्न छात्रवृत्तियों की मॉग तथा प्राप्त छात्रवृत्तियों का वितरण।

dfu"B fyfid&

1. एस0आर0 पंजिका का रख–रखाव तथा वार्षिक अंकना करना।
2. छात्रों को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र निर्गत करना।
3. पत्र प्राप्त करना/पत्रों का प्रेषण करना।
4. डाक टिकटों का रख–रखाव करना।
5. पुस्तकालय का रख–रखाव तथा पुस्तकों को वितरित करना तथा वापस प्राप्त करना।

euvy l[;k&04

**uhfr cukus ;k mlds dk;kZUo;u ds lEcU/k esa turk ds lnL;ksa ls ijkeZ'k ds fy;s ;k muds izfrfuf/kRo ds fy, fo|eku O;oLFkk ds lEcU/k esa lwpuk^^&

प्रदेश में शिक्षा से सन्दर्भित नीति बनाने या उसके कार्यान्वयन के सम्बन्ध में जनता के सदस्यों से परामर्श/उनके प्रतिनिधित्व हेतु व्यवस्थायें विद्यमान हैं। यथा प्रदेश स्तर पर शिक्षा सम्बन्धी नीति/अधिनियम् बनने/प्रख्यापित होने से पूर्व विभागीय अधिकारियों के द्वारा 'सन्दर्भित' का स्वरूप निर्धारित किया जाता है। विभागीय मंत्री द्वारा (सन्दर्भित स्वरूप) विधेयक का प्रारूप विधान सभा में प्रस्तुत किया जाता है। विधानसभा द्वारा विभिन्न समितियों के माध्यम् से विधेयक पर चर्चा/सम्बन्धित विषय पर रूचि रखने वाले सदस्यों से विभिन्न मामलों में परामर्श लिया जाता है। चर्चा/परामर्श के उपरान्त वांछित संशोधन (यदि हो) को सर्व सम्मति से विधेयक पारित होने के साथ नीति/अधिनियम् स्थापित होता है।

इसी प्रकार जनपद स्तर पर कक्षा–1 से 12 तक की शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक उन्नयन एवं गुणवत्ता परक शिक्षा हेतु (भवन निर्माण कार्य, नवीन पदों का सृजन, असेवित क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना आदि) हेतु जिला अनुश्रवण समिति गठित होती है। समिति का स्वरूप निम्नवत् होता है–

1–	प्रभारी मंत्री	अध्यक्ष
2–	सांसद	सदस्य
3–	जनपद के समस्त विधायक	सदस्य
4–	जिला पंचायत अध्यक्ष	सदस्य
5–	जिलाधिकारी	सदस्य
6–	मुख्य विकास अधिकारी	सदस्य
7–	मुख्य शिक्षा अधिकारी	सदस्य
8–	जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) सदस्य	

इसके अतिरिक्त प्राथमिक शिक्षा की समुचित व्यवस्था एवं गुणवत्ता हेतु निम्नवत् समिति गठित की गयी है:–

¼1½ ftyk f'k{kk lfefr&

जिला पंचायत के अन्तर्गत जिला शिक्षा समिति गठित की गयी है जिसके अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं सदस्य मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक), जिला पंचायत द्वारा नामित क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्य होंगे। जिला पंचायत द्वारा निम्न कृत्यों का निर्वहन किया जाता है–

क– जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बेसिक स्कूलों के विकास, प्रसार और सुधार के लिए योजनायें तैयार करना।

ख– बेसिक शिक्ष से सम्बन्धित ऐसे अन्य कृत्यों का सम्पादन कराना, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा उसके सौंपा जाय।

¼1½ uxj f'k{kk lfefr&

नगर पालिका क्षेत्रों में नगर शिक्षा समिति गठित होती है, जिसके अध्यक्ष–अध्यक्ष नगर पालिका तथा सदस्य नगर शिक्षा अधिकारी तथा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के सदस्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) होते हैं। समिति निम्न प्रकार दायित्वों का निर्वहन करती है–

क–नगर पालिका क्षेत्र में बेसिक स्कूलों की स्थापना, उनका प्रशासनिक नियंत्रण और प्रबन्ध करना।

ख–अध्यापकों के समय पालन और उपस्थिति को सुनिश्चित करना।

ग–बेसिक स्कूलों के विकास, प्रसार और सुधार के लिए योजनायें तैयार करना।
ग्राम पंचायत स्तर पर निम्नवत् समितियॉ गठित होती हैं–

xke f'k{kk lfefr&

उत्तर प्रदेश सरकार की गजट संख्या–447/सत्रह–वी–एक–दो(क)–4–2000 लखनऊ दिनांक 11 फरवरी 2002 के अनुसार ग्राम शिक्षा समिति का गठन निम्नवत् किया गया है। सम्प्रति यही व्यवस्था उत्तराखण्ड में प्रभावी है–

क–ग्राम पंचायत का प्रधान — अध्यक्ष

ख–बेसिक स्कूल के छात्रों के तीन संरक्षक (जिसमें एक संरक्षक महिला होगी)
जो ए0बी0एस0ए0 द्वारा नामित किये जायेंगे– — सदस्य

ग–ग्राम पंचायत में स्थित बेसिक स्कूल का मुख्य अध्यापक और यदि वहॉ एक से अधिक स्कूल हों तो उनके मुख्य अध्यापकों में से ज्येष्ठतम्– — सचिव सदस्य

xke f'k{kk lfefr dk dk;Z&

¼d½ lkekU; mRrj nkf;Ro&

1. शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण करना तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना।
2. ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रारम्भिक शिक्षा एवं साक्षरता से सम्बन्धित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन।
3. शिक्षा मित्र एवं आचार्य जी/अनुदेशक के चयन का कार्य उनका मानदेय वितरण।

¼[k½ 'kS{kd mRrjnkf;Ro&

1. ग्राम शिक्षा समिति की बैठक में प्रतिभाग करना
2. आवश्यकतानुसार स्कूलों के लिए स्थल चयन का कार्य
3. ग्राम पंचायतों के स्थित विद्यालयों के लिए प्राप्त अनुदानों का उचित उपयोग एवं तत्सम्बन्धी अभिलेखों का रख–रखाव
4. स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर समुदाय के सहयोग से शिक्षण सामग्री तैयार करवाना।
5. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समस्त बच्चों का नामांकन करवाना।
6. विद्यालयों में बच्चों का धारण (शत प्रतिशत उपस्थिति) सुनिश्चित करना।
7. सहभागी क्रियाओं के द्वारा सर्वेक्षण, सूक्ष्म नियोजन, स्कूल मानचित्रण करवाना एवं प्राथमिकता के आधार पर ग्राम शिक्षा योजना तैयार करना व क्रियान्वित करना
8. मृात शिक्षक संघ एवं अभिभावक शिक्षक संघ का गठन करना तथा उनकी नियमित बैठक करवाना। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह से सहयोग लेना।
9. ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों को विभाग की समस्त योजनाओं एवं उसमें स्वीकृत धनराशि की जानकारी देना तथा उन योजनाओं में समिति के सदस्यों का योगदान निश्चित करना।
10. वैकल्पिक शिक्षा एवं शिक्षा गारंटी केन्द्र के विषय में जानकारी देना।
11. ग्राम सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में निर्माण कार्य यथा शौचालय, चहारदीवारी, पेयजल, भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष का कार्य करना व इन कार्यो से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों का समुचित रख–रखाव करना।

उपरोक्त समस्त कार्यो एवं दायित्वों के निर्वहन में सम्बन्धित विद्यालय की विद्यालय प्रबन्ध समिति सहयोग करेगी।

Ldy izcU/ku lfefr Hkfedk&

ग्राम शिक्षा समिति का गठन ग्राम सभा स्तर पर किया जाता है, जिसके अन्तर्गत एक से अधिक विद्यालय भी सम्मिलित होते हैं। प्रायः यह भी देखा जाता है कि ग्राम शिक्षा समिति बड़ी इकाई होने के कारण अपना पूरा समय प्रत्येक विद्यालय को नहीं दे पाती हैं। उत्तराखण्ड राज्य की भौगौलिक स्थिति एवं वर्तमान समय में शासन द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता के लिए अनेक लाभकारी योजनायें प्रत्येक विद्यालय में संचालित हो रही हैं। सर्व शिक्षा अभियान के भी प्रभावी

ढंग से संचालन की आवश्यकता को देखते हुए उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–06 शि0/2002 दिनांक 30–3–2003 के द्वारा स्कूल प्रबन्ध समिति का गठन किया गया है। समिति में निम्नलिखित पदाधिकारी रखे गये हैं–

1– ग्राम प्रधान द्वारा नामित सेवित विद्यालय के ग्राम पंचायत का सदस्य–	अध्यक्ष
2– विद्यालय का प्रधानाध्यापक –	सदस्य/सचिव

3– प्रत्येक कक्षा में पढ़ने वो एक छात्र/छात्रा की माता–सदस्य (जिसमें कम से कम दो सदस्य विद्यालय में पढ़ने वाले अनु0जाति/जनजाति/पि0जा0 के छात्राओं की मातायें उपलब्ध होने पर चयनित की जायेंगी)

4–ग्राम के तीन प्रबुद्ध व्यक्ति–सदस्य (अवकाश प्राप्त अध्यापक, भूतपूर्व सैनिक, स्वैच्छिक संगठन के सदस्य आदि, जिन्हें ग्राम प्रधान की संस्तुति पर समिति के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जायेगा)

5–दो पुरूष अध्यापक–सदस्य (जिन्हें प्रधानाध्यापक की संस्तुति पर समिति के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जायेगा)

<u>सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत गुणवत्ता पूरक शिक्षण की रूपरेखा तय करने एवं जनता के सदस्यों से परामर्श हेतु निम्नवत् समितियॉ गठित है–</u>

1&ftyk f'k{kk ifj;kstuk lfefr ¼loZ f'k{kk vfHk;ku ds fy,½

सर्व शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत समस्त निर्माण कार्यो तथा गुणवत्ता परक शिक्षण की रूपरेखा तय करने तथा वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन जिला शिक्षा परियोजना समिति करती है, जिसके सदस्य इस प्रकार हैं–

1–जिलाधिकारी–	अध्यक्ष
2–प्राचार्य डायट–	सदस्य
3–एक वरिष्ठ प्रवक्ता–	सदस्य
4–जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक)	सदस्य सचिव
5–एक प्रवक्ता डायट प्राचार्य द्वारा नामित–	सदस्य
6–जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामित एक जिला पंचायत सदस्य–	सदस्य
7–उप बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य
8–शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयं सेवी संस्था का एक प्रतिनिधि–	सदस्य
9–अनु0जाति अथवा जनजाति का एक प्रतिनिधि–	सदस्य
10–एक महिला शिक्षा विद्–	सदस्य
11–उच्च प्राथमिक विद्यालय का एक प्रधानाध्यापक (अ0जि0शि0अ0,बे0 द्वारा नामित)	सदस्य
12–प्राथमिक विद्यालय का एक प्रधानाध्यापक (अ0जि0शि0अ0(बे0) द्वारा नामित)	सदस्य

2&Cykd dk;Z lfefr ¼loZ f'k{kk vfHk;ku ds fy,½

विकासखण्ड के अन्तर्गत समस्त निर्माण कार्यो तथा अन्य गुणवत्ता परक कार्यो की कार्ययोजना तैयार करती है। समिति के सदस्य इस प्रकार हैं–

1–खण्ड विकास अधिकारी–	अध्यक्ष
2–प्रमुख क्षेत्र पंचायत द्वारा नामित एक क्षेत्र पंचायत सदस्य–	सदस्य
3–क्षेत्र पंचायत की एक महिला सदस्य–	सदस्य
4–अनु0जाति0/जनजाति/पि0जाति का एक प्रधान (क्षेत्र पंचायत द्वारा नामित)	सदस्य
5–एक प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय (उप ख0शि0अ0 द्वारा नामित)	सदस्य
6–प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय (उप ख0शि0अ0 द्वारा नामित)	सदस्य
7–उप खण्ड शिक्षा अधिकारी–	सदस्य सचिव

3&ftyk Lrjh; vuJo.k lfefr

यह समिति शैक्षिक गतिविधियों तथा समस्त कार्यो का अनुश्रवण करती है।

1–जिलाधिकारी– अध्यक्ष
2–मुख्य विकास अधिकारी– उपाध्यक्ष
3–जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामित एक सदस्य– सदस्य
4–अनु0जाति अथवा जनजाति के एक प्रमुख/वरिष्ठ प्रमुख/कनिष्ठ प्रमुख– सदस्य
(देवनागिरी वर्णमाला के क्रम से एक वर्ष के लिए नामित)
5–एक महिला प्रमुख– सदस्य
(देवनागिरी वर्णमाला के क्रम से एक वर्ष के लिए नामित)
6–जनपद की नगर निगम, नगर पालिका, नगर महापालिका, नोटी फाइड एरिया द्वारा नामित एक सदस्य (एक वर्ष के लिए)– सदस्य
7–एक शिक्षाविद् (जिलाधिकारी द्वारा नामित)– सदस्य
8–शिक्षक प्रतिनिधि एक (बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में जनपद के राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापकों की देवनागिरी वर्णमाला के क्रमानुसार तैयार की गई सूची में से, जिलाधिकारी द्वारा नामित एक वर्ष के लिए एक शिक्षक)– सदस्य
9–मुख्य शिक्षा अधिकारी– सदस्य
10–जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी– सदस्य
11–जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई0सी0डी0एस0)– सदस्य
12–प्राचार्य डायट– सदस्य
13–लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक/अधिशासी अभियन्ता– सदस्य
14–राज्य स्तर से नामित नोडल अधिकारी– सदस्य
15–जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) सदस्य सचिव

3&{k= iapk;r vuJo.k lfefr

क्षेत्र पंचायत शिक्षा अनुश्रवण समिति का गठन निम्नवत् किया गया है–

1–क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष– अध्यक्ष
2–क्षेत्र पंचायत का एक ऐसा सदस्य जो जिला पंचायत के सदस्य के रूप में चुना गया हो (क्षेत्र पंचायत द्वारा नामित)– सदस्य
3–राज्य विधान सभा के सभी सदस्य, जिनका निर्वाचन क्षेत्र या उसका भाग विकास खण्ड की सीमा में पड़ता हो– सदस्य
4–एक ग्राम प्रधान जो क्षेत्र पंचायत का सदस्य हो(क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामित किया जायेगा)– सदस्य
5– क्षेत्र पंचायत समिति का एक अनु0जा0/जनजाति का सदस्य (क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामित किया जायेगा)– सदस्य
6– क्षेत्र पंचायत समिति की एक महिला सदस्य (क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य)– सदस्य
7– खण्ड विकास अधिकारी– सदस्य
8–एक वरिष्ठ प्रधानाध्यापक उच्च्य प्राथमिक विद्यालय (उप ख0शि0अ0 द्वारा नामित) सदस्य
9–एक वरिष्ठ प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय (उप ख0शि0अ0 द्वारा नामित) सदस्य
10–विकासखण्ड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के एक प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या (मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित)– सदस्य
11–उप खण्ड शिक्षा अधिकारी– सदस्य सचिव

इस प्रकार शिक्षा से सम्बन्धित नीति बनाने व उसके कार्यान्वयन हेतु प्रदेश, जनपद एवं ग्राम स्तर पर जनता के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

nLrkost tk yksd ikf/kdkjh }kjk /kkfjr ;k mlds fu;=.kk/khu gS

क्र.	प्रशासनिक पंजिका	क्र.	वित्तीय पंजिका	क्र.	अन्य पंजिकायें
1.	उपस्थिति पंजिका	1.	लॉग बुक	1.	आगन्तुक पंजिका
2.	समस्त प्रकार के अवकाश पंजिकायें	2.	छात्र वितरण पंजिका	2.	शिकायत पंजिका
3.	डिस्पैच	3.	एस0पी0एस0 पंजिका	3.	पंजिकाओं की पंजिका
4.	समस्त सेवा पंजिकायें	4.	वेतन पंजिका	4.	फाइलों की पंजिका
5.	आदेश पंजिका	5.	कार्यालय व्यय बिल पंजिका	5.	साईकिल पंजिका
6.	गोपनीय आख्या पंजिका	6.	यात्रा भत्ता प्रतिहस्ताक्षर पंजिका	6.	स्टॉक पंजिका सामान्य
7.	यात्रा भ्रमण पंजिका	7.	यात्रा भत्ता बैंक पंजिका	7.	भूमि भवन पंजिका
8.	स्थानान्तरण आदेश गार्ड फाईल	8.	11–सी पंजिका		
9.	बैठक पंजिका	9.	कोषागार पंजिका		
10.	गमनागमन पंजिका	10.	जी0पी0एफ0 चतुर्थ श्रेणी		
11.	अर्द्धशासकीय पत्र पत्रावली पंजिका / गार्ड फाईल	11.	ब्राडशीट पंजिका		
		12.	जी0पी0एफ0 पासबुक		
		13.	रोकड़ बही (कैश बुक)		
		14.	विविध बिल पंजिका		
		15.	बैंक कैश पंजिका		
		16.	मॉग एवं वितरण पंजिका		
		17.	क्रीड़ा बिल पंजिका		
		18.	दूरभाष विद्युत पंजिका		
		19.	जलकर पंजिका (अनुरक्षण)		
		20.	बिल पंजिका		
		21.	यात्रा भत्ता बिल बाउचर गार्ड फाईल		
		22.	कार्यालय व्यय बिल वाउचर गार्ड फाईल		
		23.	बजट स्वीकृति सम्बन्धी गार्ड फाईल		

lpuk dk vf/kdkj vf/kfu;e 2005

euvy l[;k&06

ckMk] ifj"knk o LFkkuh; fudk;k dk fooj.k ,o dk;okgh rFkk dk;oRr rd turk dh igp

- आमुख–
- मैट्रोपालिका
- नगर निगम
- त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था
    - ग्राम पंचायत
    - क्षेत्र पंचायत
    - जिला पंचायत
- जिला योजना
- शिक्षा विभाग की कल्याणकारी योजनायें
- परिशिष्ट
- उपलब्ध संलग्नक
- सन्दर्भ

लोकतंत्र में सूचनाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। संविधान प्रत्येक व्यक्ति को जहॉ मौलिक अधिकार देता है, वहीं कर्तव्य भी निर्धारित करता है। सूचना पाने का अधिकार संविधान गत नवीनतम विधेयक है, जो प्रत्येक भारतीय के संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए हमारे लोकतंत्र के अत्यन्त पारदर्शी होने एवं लचीलेपन का बोध कराता है।

शिक्षा पाने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है। शिक्षा से जुड़े हुए उपक्रमों में शासन–प्रशासन के अतिरिक्त स्थानीय निकायों, बोर्डो, परिषदों, जिला योजना, राज्य योजना एवं केन्द्रीय योजनाओं का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। स्थानीय निकाय एवं उनके प्रतिनिधि तथा ग्राम विकास समितियों व शिक्षा समितियां शासन की शिक्षोन्मुखी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायित्व के साथ शासन की विभागों व बेसिक शिक्षा परिषद् जैसी संस्थाओं के साथ जुड़ी हैं। शिक्षा के उन्नयन एवं विकास की आवश्यकता को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है।

1–भौतिक संसाधन एवं मानवीय संसाधन

2–शैक्षिक उन्नयन के लिए जिम्मेदार एवं अधिकृत संसाधन।

भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की पूर्ति जहॉ शासन प्रशासन उत्तरदायी हैं, वहीं शैक्षिक उन्नयन के लिए मानवीय संसाधनों एवं भौतिक संसाधनों के सदुपयोग, उनके द्वारा पठ्न–पाठ्न तथा शैक्षिक हित से जुड़ी जिम्मेदारियों पर एक सजग दृष्टि एवं समीक्षात्मक टिप्पणी के लिए विभिन्न समितियां व लोकतंत्र की पूरक संस्थायें उत्तरदायी हैं।

ये संस्थायें जिला परिषद्, नगरपालिका, नगर महा पालिका, नगरपालिका परिषद्, नगरपालिका पंचायत छावनी परिषद्, एन0जी0ओ0, ग्राम विकास समितियां, जिला पंचायत, क्षेत्र समितियों एवं विभिन्न स्तरों पर जनोपयोगी संस्थान हो सकते हैं। इन संस्थाओं द्वारा शैक्षिक उन्नयन हेतु किये गये कार्यो की जानकारी जनमानस तक सहजता से पहुॅचे तथा एक पारदर्शी वातावरण तैयार हो, का आम जनता को अधिकार प्रदान करना ही सूचना अधिकार विधेयक 2005 के सीमान्तर्गत है।

भारत में वर्तमान में विभिन्न प्रकार के बोर्ड एवं स्थानीय निकाय हैं– जिनमें सम्बन्धित राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा सन्दर्भित वर्ष हेतु धनराशि अवमुक्त की जाती है और सम्बन्धित बोर्ड/स्थानीय निकाय अपने कार्य योजना के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में व्यय करती है।

उक्त व्यय प्रस्ताव बोर्ड द्वारा अध्यक्ष की अध्यक्षता में पारित किया जाता है और इसकी सूचना सूचना के अधिकार अधिनियम् 2005 द्वारा उस प्रस्ताव से लाभान्वित होने वाला निवासी नागरिक प्राप्त कर सकता है। विभिन्न चरणों में प्रस्ताव पारित होकर क्रियान्वयन हेतु विभाग के पास प्रस्ताव आते है। विभाग में नगर पालिका, नगर महा पालिका, मैट्रोपालिका में शिक्षा अधिकारी उक्त सूचना जनसाधारण को देने के लिए अधीकृत हैं। उसे लोक प्राधिकारी का नाम दिया गया है।

विभिन्न बोर्डो की कार्यवाही



सदस्य जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं। मुख्य रूप से विकास, पेयजल एवं शिक्षा से सम्बन्धित प्रस्तावों को सदस्यगण अपने–अपने क्षेत्रों की आवश्यकतानुरूप, महापौर के समक्ष पारित करवाकर राज्य/केन्द्र/केन्द्र शासित सरकार द्वारा अनुदानित बजट के व्यय की रूपरेखा बनाते हैं और क्रियान्वयन शाखा (कार्यालय) उसे सम्बन्धित कार्यो में खर्च कराती है। इसकी

सूचना का अधिकार जनमानस हेतु शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा अधिकारी (नगर) सुनिश्चित करेंगे और मांगे जाने पर सूचना उपलब्ध करायेंगे।

इन सूचनाओं को सम्बन्धित लोक प्राधिकारी/शिक्षा अधिकारी मुद्रित सामग्री/फ्लापी सी0डी0 के रूप में संकलित करेंगे और मांगे जाने पर सूचना उपलब्ध करायेंगे। आवश्यकतानुसार जनहित में प्रकाशित करने का प्रयास भी करेंगे।

- (उत्तरांचल में केवल नगर निगम स्तर तक का ही गठन है)

uxj fuxe

उत्तराखण्ड राज्य में केवल देहरादून में ही नगर निगम है। इसके अध्यक्ष मेयर होते हैं। विभिन्न क्षेत्रों की जनता द्वारा चुने गये सदस्य तथा मेयर नगर (महापालिका) की कार्यकारिणी में होते हैं।

नगर निगम भी नगर से सम्बन्धित ढांचागत विकास और शिक्षा के उन्नयन के लिए तथा मुख्य रूप से प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षा की उन्नति के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा अनुदानित बजट के व्यय की व्यवस्था करते हैं। शिक्षा अधिकारी के रूप में नगर शिक्षा अधिकारी समस्त प्रकार की सूचनायें तथा नये विद्यालयों की स्थापना, पुर्ननिर्माण, जीर्णोधार शिक्षकों की कमी/नियुक्ति/आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। सम्बन्धित सूचनाओं को प्रस्ताव पारण क्रिया की सूचना सामान्य क्षेत्रीय निवासी को नगर शिक्षा के क्षेत्र में अविहित है। इसकी जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत छावनी परिषद् के मुख्या उपलब्ध करायेंगे।

भारत में लगभग 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र है। महात्मा गॉधी के पंचायती राज के सपने को साकार हेतु भारत सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई।

- प्रथम स्तर–ग्राम पंचायत
- द्वितीय स्तर–क्षेत्र पंचायत
- तृतीय स्तर–जिला पंचायत

इसके अलावा जिला योजना भी है।

xke ipk;r&

ग्राम पंचायत का मुख्या ग्राम प्रधान है, जो कि जनता द्वारा सीधा चुना जाता है और गॉव की जनसंख्या के आधार पर उस ग्राम सभा का नामकरण किया जाता है और सम्मिलित सभी ग्रामों सदस्य चुने जाते हैं और उन्हीं में से एक सदस्य उपप्रधान के रूप में नामित किया जाता है। ग्रामीण विकास में मुख्य स्तम्भ ग्राम पंचायत ही है। इसके मुख्य विकास, शिक्षा और न्याय है।

शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम प्रंधान, उप प्रधान के सहयोग के साथ प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, साक्षरता आदि के कार्यो को सम्पन्न करवाने में शासन की मदद करते हैं। नये विद्यालयों का निर्माण, जीर्णोधार, शौचालय निर्माण, चहारदीवारी, खेल के मैदान का निर्माण का अनुश्रवण करते हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए उसी ग्राम पंचायत के निवासी (बेरोजगार) को शिक्षा मित्र के रूप में ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा चयनित कर नियुक्ति हेतु अनुमोदन जनपदीय स्तर की समिति के द्वारा किया जाता है।

उपयुक्त क्रिया–क्लापों की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए सूचनाओं को जनता को उपलब्ध कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

मांगे जाने पर वांछित रूप में सूचना उपलब्ध करायेंगे।

{k= ipk;r&

विकास खण्ड स्तर पर क्षेत्र पंचायत समिति, पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय स्तर की व्यवस्था है।

इसमें क्षेत्र पंचायत प्रमुख के अर्न्तगत राज्य सरकार के कर्मचारी खण्ड विकास अधिकारी व अन्य स्टाफ तथा जनता के प्रतिनिधियों के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य (बी0डी0सी0 सदस्य) होते हैं।

बी0डी0सी0 मैम्बरर्स जनता द्वारा सीधे मतदान द्वारा चुने जाते हैं और इन्हीं चयनित क्षेत्र सदस्यों में से एक सदस्य को सदस्यों द्वारा बहुमत से क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख के रूप में चुना जाता है।

प्रत्येक माह क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिलाधिकारी/उप जिलाधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के सहयोग एक बैठक आयोजित की जाती है। ढांचागत विकास एवं शिक्षा के उन्नयन के लिए यह प्रमुख मंच है। शिक्षा के लिए उस विकास खण्ड के अर्न्तगत जहॉ भी प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक (हाई0/इण्टर कालेज) के निर्माण, जीर्णोधार, शैक्षिक उन्नयन, अध्यापकों की कमी आदि से सम्बन्धित मांगों को सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अध्यक्ष के माध्यम् से सम्बन्धित अधिकारियों से कहते हैं। इस कार्यवाही की व्यापक सूचना शिक्षा के क्षेत्र में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। और सम्बन्धित राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना, आवंटित धन एवं भविष्य की योजना की सूचना भी सूचना तंत्र द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी देंगे।

ftyk ipk;r&

जिला पंचायत पंचायती राज की तीसरी स्तरीय व्यवस्था है। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष के अन्तर्गत जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य विभागों के जिलास्तर अधिकारी राज्य सरकार की ओर से योजना एवं नीतियों के क्रियान्वयन हेतु होते हैं। वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से (जनसंख्या के आधार पर बनाये गये) जनता द्वारा चुने गये जिला पंचायत सदस्य होते हैं, जो जनप्रतिनिधि के रूप में होते हैं।

इन्हीं सदस्यों में से एक सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में बहुमत से चुना जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष को राज्य के राज्य मंत्री का स्तर प्राप्त होता है।

प्रत्येक माह अथवा आवश्यकतानुसार जिला पंचायत अध्यक्ष में अध्यक्षता में जिलाधिकारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित होती है। जहॉ जिला स्तर के समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित होते हैं जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा विकास आदि सभी विषयों पर जिला स्तर पर समीक्षा एवं क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रस्ताव पारित होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य, साक्षरता, सर्व शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा सम्बन्धी प्रगति आख्या एवं नवीन योजना की रूपरेखा तय की जाती है। मुख्य शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहते हैं। सम्बन्धित सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नगत बातों का उत्तर मुख्य शिक्षा अधिकारी देते हैं। अतः जिला स्तर की समस्त सूचनाओं की जानकारी देना मुख्य शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी होगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी अपने स्तर पर मुद्रित सामग्री, फ्लापी, सी0डी0 या समाचार पत्रों के माध्यम से वांछित सूचनायें देंगे।

ftyk ;kstuk&

जिला योजना सम्बन्धित वर्ष के अन्तर्गत होती है जिसमें विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए योजना बनायी जाती है। साथ ही इस योजना में केन्द्र सरकार द्वारा एवं राज्य सरकार द्वारा नियोजित योजनाओं को अनुदानित बजट के अन्तर्गत सम्पादित करवाया जा सकता है। राज्य सरकार के बजट में भाग के अनुरूप अनुश्रवण सम्बन्धित विभागीय अधिकारी द्वारा किया जाता है।

जिला योजना की बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी महोदय करते हैं। योजनायें एवं इनका क्रियान्वयन आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। शिक्षा के लिए

मुख्य शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित वर्ष की योजना एवं बजट को प्रस्तावित करेंगे और निर्देश जिलाधिकारी के होंगे और योजनायों जिला योजना एवं क्रियान्वयन समिति के द्वारा संस्तुत की जायेंगी जिसमें चुने हुए जनप्रतिनिधि भी होते हैं। सारे दिशा–निर्देश तथा व्यय एवं अनुमानित राशि राज्य सरकार के हिस्से के रूप में होगी।

अर्द्धनिर्मित, चालू योजनाओं को प्राथमितता दी जायेगी जो अपूर्ण हैं उन्हें पूर्ण किया जायेगा। पहले 80 प्रतिशत, फिर 50 प्रतिशत और अन्त में 25 प्रतिशत तैयार कार्य को पूर्ण किया जायेगा।

मुख्य शिक्षा अधिकारी शिक्षा सम्बन्धी सम्पूर्ण सूचनायें जनमानस को उपलब्ध करायेगे।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अन्तर्गत भी पीने का पानी, आवास, प्राथमिक शिक्षा को मुख्य उद्देश्य बनाया गया है जिसमें मुख्य शिक्षा अधिकारी ही सूचनायें देने की जिम्मेदारी लेंगे।

उपरोक्त के अतिरिक्त एस0सी0पी0, सब ट्राईबल प्लान भी शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप चालू की जायेंगी। अनुश्रवण एवं सूचना की जिम्मेदारी मुख्य शिक्षा अधिकारी की होगी। उत्तराखण्ड शिक्षा विभाग विद्यार्थी हित में अनेक शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन कर छात्र के चहुमुखी विकास हेतु अनेकानेक गतिविधियों एवं कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करता है। सूचना विधेयक के अन्तर्गत तत्सम्बन्धित निम्नवत् महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सूचना का संकलन भी अनिवार्य रूप से जनापयोगी होगा। जो लाभार्थियों द्वारा वांछित हो सकती है। शिक्षा विभाग के अन्तर्गत छात्रोपयोगी कल्याणकारी योजनायें

- योग्यता छात्रवृत्ति
- राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति
- एकीकृत छात्रवृत्ति
- जू0हा0 योग्यता छात्रवृत्ति
- समाज कल्याण छात्रवृत्ति
- शैक्षिक ऋण योजना
- विद्यालयी छात्रावास एवं अन्य छात्रवृत्ति
- पुस्तक सहायता
- ओलम्पियाड्स
- बाल कल्याण सहायता कोष
- प्रधानमंत्री/राज्यपाल छात्रवृत्ति
- हिमगिरी छात्रवृत्ति
- निःशुल्क पुस्तक सहायता
- परिषदीय परीक्षा आवेदन पत्र
- संस्थागत/व्यक्तिगत
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय सम्बन्धी सुविधायें
- राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार योजना
- जनपद शिक्षक पुरस्कार (बेसिक शिक्षा)
- शिक्षण कल्याण कोष
- एन0सी0सी0
- एन0एस0एस0
- सशस्त्र सेना दिवस
- विकलांग कल्याण कोष
- बाल बीमा योजना

- महिला उन्थान योजना
- कम्प्यूटर शिक्षा
- व्यावसायिक शिक्षा योजना
- कैंसर संचेतना
- स्कूल एड्स प्रोग्राम
- पर्यावरणीय शिक्षा, ईको क्लब
- ग्लोब परियोजना
- यू प्रोब परियोजना
- विभिन्न विभागों से अन्तरसम्बन्ध जैसे–वन विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, जल संस्थान, समाज कल्याण इत्यादि।
- कार्यानुभव एवं खेल–कूद परियोजनायें
- कार्यरत शिक्षक प्रशिक्षण
- कम्प्यूटर शिक्षा आदि–आदि।

उत्तराखण्ड सरकार में शिक्षा विभाग की संरचना में परिवर्तन कर इसकी ढांचागत व्यवस्था को राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल व्यक्ति से लेकर विभिन्न जिम्मेदार ईकाइयों तक पहुंचाने हेतु निम्नवत् व्यवस्था की है–

1. मुख्यालय स्तर पर– (प्रदेश राजधानी)/शिक्षा निदेशालय
2. मण्डल स्तर–मण्डल मुख्यालय (अपर शिक्षा निदेशक)
3. जनपद स्तर पर – मुख्य शिक्षा अधिकारी (जनपद कार्यालय)
4. ब्लाक स्तर पर– ब्लाक शिक्षा अधिकारी (ब्लाक संसाधन केन्द्र/ब्लाक स्थित रा0इ0का0)

उपर्युक्त के अतिरिक्त शैक्षणिक अनुसंधान हेतु गठित राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् तथा अकादमिक मूल्यांकन हेतु गठित उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् भी महत्वपूर्ण संस्थान है।

सम्पूर्ण प्रदेश के अकादमिक कार्य 1921 में निर्मित इण्टरमीडिएट के प्राविधानों के अनुरूप संचालित होता है तथा इसके क्रियान्वयन के लिए परिषद् उत्तरदायी है। इण्टरमीडिएट एक्ट 1921 के तहत् बोर्ड भी एक स्वायत्त संस्था है तथा गोपनीयता का विशेषाधिकार इण्टरमीडिएट एक्त के अनुरूप परिषद् का सुरक्षित है।

अतः शिक्षा विभाग में सूचना के अधिकार उक्त ऐक्ट की सीमाओं के अन्तर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर गोपनीयता की दृष्टि से शासन, प्रशासन एवं सभी अकादमिक सीमाओं के लिए सुरक्षित रहेगा ताकि परीक्षा की सुविधा, मूल्यांकन की निष्पक्षता एवं प्रदेश की वास्तविक मेघा को उचित संरक्षण प्राप्त हो सके। शिक्षा एक सतत् प्रक्रिया है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं उसके पाल्य के लिए निहित प्राविधानों के अनुरूप एक खुलापन एवं पारदर्शिता का प्रतीक है। ज्ञान को सीमाओं में नहीं बाधा जा सकता है। बुद्धिलब्धि एवं शिक्षक के महत्व की स्वीकार्यता के साथ शिक्षा विभाग जनोपयोगी महत्वपूर्ण दायित्वों के साथ जुड़ा हुआ है, जो भावी पीढ़ी को समुचित मार्गदर्शन देने हेतु कृतसंकल्प है।

प्रत्येक अभिभावक का अधिकार जहॉ उसके पाल्य के लिए की जा रही गतिविधियों की सूचना प्राप्त करना होगा, वहीं उसकी अनिवार्य सहभागिता भी शैक्षणिक परिवेश के गठन में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। अतः सूचना के अधिकार का यह विधेयक परस्पर सहभागिता का शशक्त माध्यम् सिद्ध होगा।

ifjf'k"B

1. अधिनियम्
2. स्थानीय निकाय, क्षेत्र समितियां सम्बन्धी ऐक्ट
3. क्षेत्र समितियों तथा परिषदों के अधिकार व कृत्य
4. जिला परिषद की समितियां
5. क्षेत्र समितियों के अधिकार व कृत्य
6. जिला परिषदों तथा क्षेत्र समितियों के अधिकार व कर्तव्य
7. ग्राम पंचायत की शक्तियां तथा कार्य
8. ग्राम पंचायतों की समितियों के कार्य व दायित्व

mRrj izn'k {k= lfefr rFkk ftyk ifj"kn vf/kfu;e 1961

¼mRrj izn'k vf/kfu;e l[;k&33] 1961½

उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 2, 1963, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 24, 1963, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 16, 1965, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 14, 1968, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 6, 1969, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 19, 1970, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 22, 1970, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 18, 1971, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 26, 1972, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 34, 1972, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 3, 1973, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 5, 1974, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 37, 1976, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 38, 1978, उत्तर प्रदेश अधिनियम् संख्या 8, 1984 द्वारा संशोधित।

(उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा 14 सितम्बर 1960 को उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा संशोधन सहित 1 मई 1961 को पारित जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा 19 मई 1961 को स्वीकार कर लिये गये।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के अधीन राष्ट्रपति की स्वीकृति 29 नवम्बर 1961 को प्राप्त हुई तथा दिनांक 3 दिसम्बर 1961 के उत्तर प्रदेश असाधारण गजट में प्रकाशित हुआ।)

उत्तर प्रदेश में क्षेत्र समितियों तथा जिला परिषदों की स्थापना की व्यवस्था करने के लिए।

vf/kfu;e

